Prepp
Your Personal Exams Guide



*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : VTYH-S-IIR**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

1000069

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कार्यविधि और पद्धति, कोटि II एवं V)

# A

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 150*

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. नागरिक चार्टर के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

   1. यह किसी मंत्रालय/विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के स्तर से संबंधित वचनबद्धताओं का एक सेट है ।
   2. इसका उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन के बीच सेतु स्थापित करना है ।
   3. यह न्यायालय में प्रवर्तनीय है ।
   4. यह नागरिक केंद्रित लोक सेवाओं को प्रदान करने पर बल देता है ।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

   (a) 1, 2 और 3
   (b) 1, 2 और 4
   (c) 1, 3 और 4
   (d) 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित में से कौन-से, सांविधिक निकाय हैं ?

   1. भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
   2. संघ लोक सेवा आयोग
   3. केंद्रीय सतर्कता आयोग
   4. केंद्रीय सूचना आयोग

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

   (a) केवल 1 और 4
   (b) केवल 2 और 4
   (c) 1, 3 और 4
   (d) केवल 3 और 4

3. निम्नलिखित में से कौन-सा, रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय का एक संघटक ***नहीं*** है ?

   (a) थलसेना मुख्यालय
   (b) नौ-सेना मुख्यालय
   (c) रक्षा लेखा महानियंत्रक
   (d) रक्षा स्टाफ मुख्यालय

4. किसी मंत्रालय/विभाग का मुख्य लेखाकरण प्राधिकारी कौन होता है ?

   (a) लेखा महानियंत्रक
   (b) नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
   (c) संबंधित मंत्रालय/विभाग का सचिव
   (d) सचिव (व्यय)

5. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, वे कंपनियाँ हैं, जो केंद्रीय मंत्रालय/विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं और जहाँ केंद्र सरकार द्वारा धारित इक्विटी है :

   (a) 50% से अधिक
   (b) 40%
   (c) 30%
   (d) 45%

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Which of the following statements regarding a Citizens Charter are correct ?

   1. It is a set of commitments made by a Ministry/Department regarding the standard of services delivered.
   2. Its objective is to build a bridge between the citizens and the administration.
   3. It is enforceable in a court of law.
   4. Its thrust is to render public services citizen centric.

   Select the correct answer using the code given below :

   (a) 1, 2 and 3
   (b) 1, 2 and 4
   (c) 1, 3 and 4
   (d) 2, 3 and 4

2. Which of the following are statutory bodies ?

   1. Comptroller and Auditor General of India
   2. Union Public Service Commission
   3. Central Vigilance Commission
   4. Central Information Commission

   Select the correct answer using the code given below :

   (a) 1 and 4 only
   (b) 2 and 4 only
   (c) 1, 3 and 4
   (d) 3 and 4 only

3. Which one of the following is ***not*** a constituent of Integrated Headquarters of Ministry of Defence ?

   (a) Army Headquarters
   (b) Naval Headquarters
   (c) Controller General of Defence Accounts
   (d) Defence Staff Headquarters

4. Chief Accounting Authority of a Ministry/Department is :

   (a) Controller General of Accounts
   (b) Comptroller and Auditor General
   (c) Secretary of the Ministry/Department concerned
   (d) Secretary (Expenditure)

5. Central Public Sector Enterprises are those companies which are under the administrative control of Central Ministry/Department and where the equity held by the Central Government is :

   (a) More than 50%
   (b) 40%
   (c) 30%
   (d) 45%

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. निम्नलिखित में से कौन-सी श्रेणियों के व्यक्ति केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) के अधीन चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं ?

1. CGHS के वे कर्मचारी, जो CGHS की सुविधा वाले शहरों में नहीं रहते ।
2. अंशदायी भविष्य निधि लाभों के साथ सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनभोगी और उनके परिवार ।
3. कुटुंब पेंशन पाने वाली केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगियों की विधवाएँ ।
4. सरकारी कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य, जो ऐसे क्षेत्र में रहते हैं जहाँ CGHS की सुविधा नहीं है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 2, 3 और 4
(d) 1, 2 और 3

7. आकस्मिक छुट्टी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आकस्मिक छुट्टी, अधिकृत स्वरूप की छुट्टी नहीं है ।
2. यह किसी नियम के अधीन नहीं दी जाती है ।
3. आकस्मिक छुट्टी पर गए किसी सरकारी कर्मचारी को तकनीकी रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित माना जाता है ।
4. सरकारी कर्मचारी को एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम 08 दिन की आकस्मिक छुट्टी लेने की अनुमति है ।

उपर्युक्त कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 3
(b) केवल 4
(c) 1, 2 और 4
(d) 2, 3 और 4

8. 'पुन: प्राप्य मामले' के रूप में निम्नलिखित में से किन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है ?

1. पुन: परीक्षा के लिए प्राप्त मामला
2. मसौदा तैयार करने के लिए प्राप्त मामला
3. मामले का सार तैयार करने के लिए प्राप्त मामला
4. वरिष्ठ अधिकारियों के लिखित अनुदेशों के अनुसार कार्रवाई (processing) के लिए प्राप्त मामला

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

9. उच्च अधिकारियों के लिए किसी मामले पर विचार-विमर्श के कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए फाइल से बाहर रिकॉर्ड की गई अस्थायी महत्त्व अथवा अल्पकालिक महत्त्व की कोई टिप्पणी किस रूप में जानी जाती है ?

(a) टिप्पणी जिस पर चर्चा की गई
(b) नेमी टिप्पणी
(c) अनुभागीय टिप्पणी
(d) तथ्यों का क्रमिक सार

10. निम्नलिखित में से कौन-सा, तकनीकी सूचना की रिपॉजिटरी का कार्य करता है और विभाग द्वारा निपटाए जाने वाले मामलों के विभिन्न पहलुओं पर उसे सलाह भी देता है ?

(a) सांविधिक निकाय
(b) संलग्न कार्यालय
(c) अधीनस्थ कार्यालय
(d) स्वायत्त निकाय

11. तत्काल निर्णयन को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रस्तुति के माध्यम (चैनल) कितने से अधिक ***नहीं*** होने चाहिए ?

(a) छह
(b) पाँच
(c) चार
(d) तीन

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. Which of the following categories of persons are eligible to avail of medical facilities under the Central Government Health Scheme (CGHS) ?

1. Employees of CGHS not residing in the CGHS covered cities.
2. Pensioners retiring with Contributory Provident Fund benefits, and their families.
3. Widows of Central Government pensioners getting family pension.
4. Government servants and their family members staying in an area not covered under CGHS.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 2, 3 and 4
(d) 1, 2 and 3

7. Consider the following statements regarding Casual Leave :

1. Casual leave is not a recognized form of leave.
2. It is not subject to any rule.
3. Technically a Government servant on casual leave is treated as absent from duty.
4. The maximum period of casual leave which a Government servant is allowed to avail himself of is 08 days in a calendar year.

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 3 only
(b) 4 only
(c) 1, 2 and 4
(d) 2, 3 and 4

8. Which of the following are categorized as a 'Come-back case' ?

1. Case received for re-examination
2. Case received for preparing a draft
3. Case received for preparing a summary of the case
4. Case received for processing in line with written instructions of senior officers

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

9. A note of a temporary value or ephemeral importance recorded outside the file to facilitate consideration of the case by higher officers is known as :

(a) Discussed note
(b) Routine note
(c) Sectional note
(d) Running summary of facts

10. Which one of the following serves as a repository of technical information and also advises the department on various aspects of matters dealt by them ?

(a) Statutory bodies
(b) Attached Offices
(c) Subordinate Offices
(d) Autonomous bodies

11. To facilitate quicker decision-making, channels of submission should ***not*** be more than :

(a) Six
(b) Five
(c) Four
(d) Three

Prepp
Your Personal Exams Guide

12. केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अधीन राज्य सरकारों को सहायता-अनुदान जारी करने के लिए पुनरावृत्ति वाले मामलों का निपटान करते समय टिप्पणी लेखन के लिए किस प्रकार का प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण उपयुक्त है ?
   (a) तीन से चार वाक्यों के एक पैराग्राफ वाली एक संक्षिप्त टिप्पणी
   (b) मानक प्रक्रिया शीट तैयार करना और उसका प्रयोग
   (c) एक संरचित और विस्तृत टिप्पणी
   (d) विभिन्न पहलुओं, उनके कार्यान्वयन और संभावित परिणामों को शामिल करते हुए एक विस्तृत टिप्पणी

13. संघ लोक सेवा आयोग जैसे सांविधानिक निकाय के साथ पत्राचार करते समय किसी विभाग द्वारा प्रयुक्त पत्राचार का स्वरूप क्या होता है ?
   (a) कार्यालय ज्ञापन
   (b) आदेश
   (c) पत्र
   (d) अंतर-विभागीय टिप्पणी

14. अनुशासनिक मामलों में अंतिम आदेश किस माध्यम से सूचित किए जाते हैं ?
   (a) कार्यालय आदेश
   (b) पत्र
   (c) आदेश
   (d) कार्यालय ज्ञापन

15. कार्यालय पद्धति नियम पुस्तिका के संदर्भ में फाइलों को कुल कितनी श्रेणियों में अभिलिखित (रिकॉर्ड) किया जाए ?
   (a) दो – नामतः, चालू फाइलें और अभिलिखित (रिकॉर्डेड) फाइलें
   (b) तीन – श्रेणी 'A', 'B', 'C'
   (c) चार – श्रेणी 'A', 'B', 'C' और e-फाइलें
   (d) पाँच – श्रेणी 'A', 'B', 'C', चालू फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक फाइलें

16. 'चयन', 'रिकॉर्ड', 'जाँच', 'विकास' किसके कुछ चरण हैं ?
   (a) संगठन विश्लेषण
   (b) पद्धति अध्ययन
   (c) कार्य-मापन
   (d) सरकार में कार्य-मापन

17. स्थायी निदेश फाइल (गार्ड फाइल) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. यह संबंधित विषय पर नीति और प्रक्रिया की पृष्ठभूमि से अवगत कराती है ।
   2. इससे मामलों की त्वरित प्रस्तुति और निपटान में सहायता मिलती है ।
   3. यह संदर्भ के लिए प्रस्तुत भारी-भरकम पुरानी फाइलों का स्थान ले लेती है ।
   4. यह विषय से संबंधित पूर्ववर्ती कागजों को ढूँढ़ने में कार्यालय की सहायता करती है ।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

18. निम्नलिखित में से कौन-सी नेतृत्व-शैली सर्वाधिक उपयुक्त रहेगी, जब जटिल कार्य निष्पादित करना हो और आपका स्टाफ इस कार्य को करने के लिए अनुभवी अथवा अभिप्रेरित ***नहीं*** है अथवा जब आप पर कार्य को समय-सीमा के अंतर्गत पूरा करने का दबाव है ?
   (a) अनुशिक्षण (Coaching)
   (b) सहायता (Supporting)
   (c) निदेशन (Directing)
   (d) प्रत्यायोजन (Delegating)

19. प्रत्येक पहलू के बारे में अधिकतम सूचना प्रदान करते हुए एक विस्तृत टिप्पणी की आवश्यकता संबंधी दृष्टिकोण किसमें अपनाया जाता है ?
   (a) अल्पकालिक मामले
   (b) पुनरावृत्ति वाले मामले
   (c) नीति और आयोजना संबंधी मामले
   (d) समस्या का समाधान करने वाले मामले

Prepp
Your Personal Exams Guide

12. What type of functional approach to noting is recommended while dealing with the repetitive cases for release of grant-in-aid under Centrally sponsored schemes to State Governments ?

(a) Short note containing a paragraph of three to four sentences

(b) Develop and use standard process sheet

(c) A structured and detailed note

(d) A detailed note to cover various aspects, implementation and expected outcome

13. The form of communication used by a Department while corresponding with Constitutional bodies like Union Public Service Commission, is :

(a) Office Memorandum

(b) Order

(c) Letter

(d) Inter-Departmental note

14. Final orders made in disciplinary cases are conveyed through :

(a) Office Order

(b) Letter

(c) Order

(d) Office Memorandum

15. In terms of the Manual of Office Procedure, the total number of categories in which the files may be recorded are :

(a) Two – namely, current files and recorded files

(b) Three – Categories 'A', 'B', 'C'

(c) Four – Categories 'A', 'B', 'C' and e-files

(d) Five – Categories 'A', 'B', 'C', current files and electronic files

16. 'Select', 'Record', 'Examine', 'Develop' are some of the stages of :

(a) Organization Analysis

(b) Method Study

(c) Work Measurement

(d) Work Measurement in Government

17. Consider the following statements regarding Standing Guard File :

1. It gives a background of the policy and procedure on the relevant subject.

2. It enables quick submission and disposal of cases.

3. It takes the place of voluminous old files put up for reference.

4. It helps the office in locating the previous papers on the subject.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

18. Which one of the following leadership styles would be most appropriate when a complex task has to be performed and your staff are ***not*** experienced or motivated to do it or when you are under time pressure for completion ?

(a) Coaching

(b) Supporting

(c) Directing

(d) Delegating

19. The approach necessitating a detailed note providing maximum information on each aspect is adopted in :

(a) Ephemeral cases

(b) Repetitive cases

(c) Policy and Planning cases

(d) Problem Solving cases

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** भारत सरकार (कार्यकरण) नियम, 1961 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये नियम राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री की सलाह से मंत्रियों को सरकार के कार्य आबंटित करने का अधिकार देते हैं ।
2. किसी मंत्री को आबंटित कार्य के संबंध में, इन नियमों के अंतर्गत विशिष्ट रूप से उन्हें समनुदिष्ट किए गए कार्यों को निष्पादित करने के लिए किसी अन्य राज्य मंत्री को सहयुक्त करने की अनुमति प्रदान की गई है ।
3. ये नियम प्रत्येक विभाग को आबंटित कार्य के निष्पादन के मामले में, उनके प्राधिकार, उत्तरदायित्व और बाध्यता को परिभाषित करने का प्रयास करते हैं ।
4. ये नियम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री अथवा मंत्रिमंडल को पूर्व-अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले मामलों को विनिर्दिष्ट करते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**21.** मूल नियमों के संदर्भ में, जिस सरकारी कर्मचारी को वेतन अथवा छुट्टी वेतन प्राप्त *नहीं* हो रहा है, उसे प्रदान किया जाने वाला मासिक अनुदान क्या कहलाता है ?

(a) विशेष वेतन
(b) वैयक्तिक वेतन
(c) निर्वाह वेतन
(d) प्रकल्पित वेतन

**22.** शुल्क (फीस) को, कुछ शर्तों के अधीन भारत/राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र की समेकित निधि के अलावा किसी अन्य स्रोत से सरकारी कर्मचारी को किए जाने वाले आवर्ती अथवा ग़ैर-आवर्ती भुगतान के रूप में परिभाषित किया गया है । निम्नलिखित में से कौन-सा 'शुल्क' का उदाहरण *नहीं* है ?

1. अनर्जित आय, जैसे, संपत्ति अथवा लाभांश से आय
2. साहित्यिक कार्य से आय
3. शौकिया तौर पर खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने से प्राप्त आय

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**23.** निम्नलिखित में से किन श्रेणियों के अधिकारी, सरकारी कर्मचारियों को आबंटित सामान्य पूल भवनों में आवास में हिस्सेदारी (शेयर) करने के पात्र हैं ?

1. केंद्र सरकार के कर्मचारी जो सामान्य पूल आवास के लिए अपात्र हैं
2. सेवानिवृत्त केंद्र सरकार के कर्मचारी
3. अर्ध-सरकारी संगठनों का स्टाफ
4. मान्यताप्राप्त विद्यालयों के शिक्षक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

20. Consider the following statements regarding the Government of India (Transaction of Business) Rules, 1961 :

1. These rules enable the President to allocate business of the Government to the Ministers on the advice of the Prime Minister.
2. In relation to the business allocated to a Minister, these rules permit the association of another Minister of State to perform such functions as may be specifically assigned to him.
3. These rules seek to define the authority, responsibility and obligation of each Department in the matter of disposal of business allocated to it.
4. These rules specify cases to be submitted to the President, the Prime Minister or the Cabinet for prior approval.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

21. In terms of the Fundamental Rules, a monthly grant made to a Government servant who is ***not*** in receipt of pay or leave salary is called :

(a) Special Pay
(b) Personal Pay
(c) Subsistence Grant
(d) Presumptive Pay

22. Fee is defined as a recurring or non-recurring payment to a Government servant from a source other than the Consolidated Fund of India/State/Union Territory, subject to certain conditions. Which of the following are ***not*** examples of 'Fee' ?

1. Unearned income such as income from property or dividends
2. Income from literary efforts
3. Income from participating in sports activities as an amateur

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

23. Which of the following categories of officers are eligible to share accommodation of general pool residences allotted to Government servants ?

1. Central Government servants ineligible for general pool residence
2. Retired Central Government servants
3. Staff of semi-Government organizations
4. Teachers of recognized schools

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 and 4 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

24. छुट्टी और कार्यग्रहण अवधि का उपयोग करने वाले आबंटिती द्वारा सरकारी आवास के प्रतिधारण के संबंध में निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. स्थानांतरण पर आबंटिती को दो माह के लिए अथवा उसकी छुट्टी की अवधि के लिए चार माह से अनधिक, जो भी अधिक हो, आवास प्रतिधारण करने की अनुमति दी जाएगी, यदि कार्यभार त्याग करने से पूर्व उसकी छुट्टी स्वीकृत की गई है ।
2. यदि कोई आबंटिती पुराने स्टेशन पर छुट्टी की समाप्ति के बाद कार्यग्रहण अवधि का उपभोग करता है, तो उसे कार्यग्रहण अवधि की समाप्ति तक आवास प्रतिधारण करने की अनुमति दी जा सकेगी ।
3. पुराने स्टेशन पर आवास प्रतिधारण करने की अवधि के लिए सामान्य लाइसेंस शुल्क प्रभारित किया जाएगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

25. सरकारी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका दो प्रतियों में रखी जाएगी और दूसरी प्रति सुरक्षित अभिरक्षा के लिए सरकारी कर्मचारी को दी जाएगी । सरकारी कर्मचारी से दूसरी प्रति खो जाने पर कितनी राशि के भुगतान करने पर इसे प्रतिस्थापित किया जाएगा ?

(a) ₹ 250
(b) ₹ 500
(c) ₹ 750
(d) ₹ 900

26. निम्नलिखित में से किन मामलों में किसी सरकारी कर्मचारी को स्वास्थ्य चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित ***नहीं*** है ?

1. भारत सरकार के किन्हीं अन्य विभागों में राजपत्रित पदों पर प्रतिनियुक्त केंद्र सरकार के अराजपत्रित कर्मचारी ।
2. जब किसी व्यक्ति का उसकी पिछली नियुक्ति के संबंध में चिकित्सा (मेडिकल) बोर्ड द्वारा परीक्षण किया जा चुका हो और नए पद के लिए निर्धारित चिकित्सा परीक्षण मानक समान हो ।
3. त्यागपत्र अथवा सेवा समपहरण के बाद किसी व्यक्ति की पुनर्नियुक्ति की जाती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में किसी सरकारी कर्मचारी का उस पद पर धारणाधिकार (लियन) ***नहीं*** रहता है जिस पद पर उसने धारणाधिकार अर्जित किया है ?

1. सरकारी कर्मचारी जिस काडर में मूल रूप से था, उससे बाहर केंद्र/राज्य सरकार के अधीन किसी अन्य पद पर धारणाधिकार अर्जित किया हो
2. निलंबित रहने पर
3. समय-समय पर जारी सरकारी आदेशों के अधीन स्वीकार्य अधिकतम सीमा से परे अन्यत्र सेवा (foreign service)/प्रतिनियुक्ति पर रहने वाला कोई सरकारी कर्मचारी
4. किसी अस्थायी पद धारण करने की स्थिति में

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** Which of the following statement(s) regarding retention of Government accommodation by allottee availing leave and joining time is/are correct ?

1. The allottee, on transfer, shall be allowed to retain the accommodation for two months or for the period of their leave not exceeding four months, whichever is more, if the leave has been sanctioned before relinquishment of charge.
2. Where an allottee avails joining time after expiry of leave at the old station, he may be allowed to retain the accommodation until the expiry of the period of joining time.
3. Normal licence fee shall be charged for the period of retention of accommodation at the old station.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

**25.** The Service Book of a Government servant shall be maintained in duplicate and second copy given to the Government servant for safe custody. In the case of loss of the second copy by the Government servant, it shall be replaced on payment of a sum of :

(a) ₹ 250

(b) ₹ 500

(c) ₹ 750

(d) ₹ 900

**26.** In which of the following cases, a Government servant is ***not*** required to produce a medical certificate of health ?

1. Non-gazetted Central Government servants deputed to hold Gazetted posts in other Departments of the Government of India.
2. Where a person has already been examined by a Medical Board in respect of his previous appointment and if standard of medical examination prescribed for the new post is the same.
3. A person is re-employed after resignation or forfeiture of service.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**27.** In which of the following situations, a Government servant who has acquired lien on a post does ***not*** retain the lien on that post ?

1. A Government servant acquiring a lien on another post under Central/State Government, outside the cadre on which he is borne
2. While under suspension
3. A Government servant on foreign service/deputation beyond the maximum limit admissible under the Government orders issued from time to time
4. While holding a temporary post

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

28. 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित सरकार के निर्णयानुसार, मूल वेतन की 20% दर पर प्रैक्टिसबंदी भत्ता (NPA) इस शर्त पर देय होगा कि मूल वेतन और NPA का जोड़ कितनी राशि से अधिक ***नहीं*** हो ?

(a) ₹ 1,75,500

(b) ₹ 2,15,000

(c) ₹ 2,37,500

(d) ₹ 2,50,500

29. मूल नियमों को लागू करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये नियम उन सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होंगे, जिनका वेतन सिविल प्राक्कलनों के नामे डालने योग्य है ।
2. ये नियम सिविल प्राक्कलनों से वेतन प्राप्त करने वाले उन सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे, जिन्हें रक्षा प्राक्कलनों से वेतन का भुगतान किए जाने वाले सेवा में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है ।
3. ये नियम रक्षा लेखा विभाग के कार्मिकों पर लागू नहीं होंगे ।

उपर्युक्त कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

30. किस संदर्भ में उपयुक्त प्राधिकरण को किसी सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त करने का पूर्ण अधिकार है, यदि ऐसा करना जनहित में आवश्यक हो ?

1. FR 56 (J)
2. FR 56 (L)
3. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 42
4. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 1965 का नियम 14

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) 2, 3 और 4

(d) 1, 2 और 3

31. किसी केंद्रीय सरकार कर्मचारी की जन्मतिथि में परिवर्तन के लिए निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक होगी ?

(a) विभागाध्यक्ष

(b) नियुक्ति प्राधिकारी

(c) कार्यालय प्रमुख

(d) संबंधित मंत्रालय/विभाग

32. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के संबंध में अधिवर्षिता आयु कितनी है ?

(a) 58 वर्ष

(b) 60 वर्ष

(c) 62 वर्ष

(d) 65 वर्ष

33. अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने पर, किसी सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के संबंध में निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. कोई सरकारी कर्मचारी उस माह के अंतिम दिन के अपराह्न से सेवानिवृत्त हो जाएगा, जिसमें वह 60 वर्ष की आयु प्राप्त कर ले ।
2. कोई सरकारी कर्मचारी, जिसकी जन्मतिथि किसी माह के पहले दिन हो, वह भी उस माह के अंतिम दिन के अपराह्न से सेवानिवृत्त हो जाएगा, जिसमें वह 60 वर्ष की आयु प्राप्त कर ले ।
3. नियत तिथि को किसी सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के लिए उपयुक्त प्राधिकारी के उपयुक्त आदेश आवश्यक हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

28. As per the decision of the Government based on the recommendations of the 7th Central Pay Commission, Non-Practicing Allowance (NPA) shall be payable at the rate of 20% of Basic Pay subject to the condition that the sum of Basic Pay and NPA does ***not*** exceed :

(a) ₹ 1,75,500

(b) ₹ 2,15,000

(c) ₹ 2,37,500

(d) ₹ 2,50,500

29. Consider the following statements regarding application of Fundamental Rules :

1. These Rules shall apply to all Government servants whose pay is debitable to Civil Estimates.
2. These Rules shall not apply to Government servants paid from Civil Estimates and temporarily transferred to service paid from Defence Estimates.
3. These Rules shall not apply to the personnel of the Defence Accounts Department.

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

30. The Appropriate Authority has absolute right to retire a Government servant, if necessary to do so in public interest in terms of :

1. FR 56 (J)
2. FR 56 (L)
3. Rule 42 of CCS (Pension) Rules, 2021
4. Rule 14 of CCS (CCA) Rules, 1965

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2, 3 and 4

(d) 1, 2 and 3

31. Sanction of which one of the following authorities shall be required for alteration of date of birth of a Central Government servant ?

(a) Head of Department

(b) Appointing Authority

(c) Head of Office

(d) Ministry/Department concerned

32. The age of superannuation in respect of specialist Medical Officers of Central Armed Police Forces and Assam Rifles is :

(a) 58 years

(b) 60 years

(c) 62 years

(d) 65 years

33. Which of the following statement(s) regarding the date of retirement from service of a Government servant on attaining the age of superannuation is/are correct ?

1. A Government servant shall retire from service on the afternoon of the last day of the month in which he attains the age of sixty years.
2. A Government servant whose date of birth is the first of a month shall also retire from service on the afternoon of the last day of the month in which he attains the age of sixty years.
3. Suitable orders of the appropriate authority shall be necessary for retirement of a Government servant on due date.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. निम्नलिखित में से किस संबंध में, किसी निलंबित सरकारी कर्मचारी के निर्वाह भत्ते से कटौती के लिए उसकी लिखित सहमति अपेक्षित होगी ?

1. सहकारी उधार समितियों (कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी) को देय राशि
2. सामान्य भविष्य निधि से लिए गए अग्रिम (धन) की वापसी
3. केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना के अधीन अंशदान
4. डाक जीवन बीमा पॉलिसियों पर देय प्रीमियम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

35. निम्नलिखित में से किन सरकारी नौकरियों (जॉब) के लिए रोपित पेसमेकर (implanted pacemaker) वाले उम्मीदवार उपयुक्त *नहीं* माने जाएँगे ?

1. बस ड्राइवर
2. पुलिस और सुरक्षा
3. पायलट
4. विद्युत-चुंबकीय क्षेत्रों से संलग्न पद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3 और 4
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

36. ऐसे चिकित्सा पदों (medical posts) के लिए, जिनके लिए भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 के अधीन मान्यताप्राप्त आयुर्विज्ञान अर्हता एक अनिवार्य अर्हता के रूप में निर्धारित है, प्रैक्टिसबंदी भत्ता प्रदान करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी अपेक्षित शर्त *नहीं* है ?

(a) पद एक नैदानिक पद (clinical post) है
(b) पद को केंद्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया गया है
(c) पद एक पूर्णकालिक पद है
(d) इनमें निजी प्रैक्टिस के लिए पर्याप्त अवसर हैं

37. मूल नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-से दृष्टांतों/घटनाओं से वरिष्ठ कर्मचारियों के वेतन 'बढ़ाए जानें' (stepping up) के लिए विसंगति का मामला बनता है, जबकि कनिष्ठ कर्मचारी अधिक वेतन आहरित कर रहे हों ?

1. कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों सरकारी कर्मचारी एक ही काडर के हों और जिन पदों पर उनकी पदोन्नति हुई है, वे एक ही काडर में समरूप हैं ।
2. निचले और उच्चतर पदों के वेतन मैट्रिक्स में लेवल (Level), जिनमें वे वेतन आहरित कर रहे हैं, वे समरूप हैं ।
3. किसी वरिष्ठ कर्मचारी द्वारा पदोन्नति छोड़ देने के कारण, उससे कनिष्ठ कर्मचारी की उच्चतर पद पर पहले पदोन्नति हो जाती है और कनिष्ठ कर्मचारी, वरिष्ठ कर्मचारी से उच्चतर वेतन आहरित करता है ।
4. उच्चतर अर्हताएँ अर्जित करने पर अतिरिक्त वेतन-वृद्धियों के कारण कोई कनिष्ठ कर्मचारी अधिक वेतन आहरित करता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

38. श्री 'X' का स्थानांतरण 'A' स्टेशन से 'B' स्टेशन पर किया गया है, जिनके बीच की दूरी 1400 km है । तथापि, स्थानांतरण में, सड़क मार्ग से 200 km से अधिक की निरंतर यात्रा करना आवश्यक नहीं है । श्री 'X' के मामले में अनुमत्य कार्यग्रहण अवधि कितनी होगी ?

(a) 8 दिन
(b) 10 दिन
(c) 12 दिन
(d) 15 दिन

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. In respect of which of the following, written consent of a Government servant under suspension shall be required for deduction from his subsistence allowance ?

1. Amounts due to Co-operative Credit Societies
2. Refund of advances taken from General Provident Fund
3. Contribution under Central Government Health Scheme
4 Premia due on Postal Life Assurance Policies

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

35. For which of the following Government jobs, candidates with implanted pacemakers shall be considered ***not*** fit ?

1. Bus Drivers
2. Police and Security
3. Pilots
4. Posts attached to electro-magnetic areas

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 and 4 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

36. Which one of the following is ***not*** a required condition for grant of Non-Practicing Allowance to the medical posts for which medical qualifications recognized under the Indian Medical Council Act, 1956 have been prescribed as an essential qualification ?

(a) The post is a clinical one
(b) The post is included in the Central Health Services
(c) The post is a whole-time post
(d) There is ample scope for private practice

37. In terms of the Fundamental Rules, which of the following instances/events constitute anomaly for 'stepping up' of pay of seniors when juniors draw more pay ?

1. Both the junior and the senior Government servants belong to the same cadre and the posts to which they have been promoted are identical in the same cadre.
2. The Level in the Pay Matrix of the lower and the higher posts in which they draw pay are identical.
3. A senior forgoes promotion leading to his junior being promoted to the higher post earlier and the junior draws higher pay than the senior.
4. A junior gets more pay due to additional increments earned on acquiring higher qualifications.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

38. Mr. 'X' has been transferred from station 'A' to station 'B' involving a distance of 1400 km. The transfer, however, does not necessarily involve continuous travel by road for more than 200 km. The joining time admissible in this case to Mr. 'X' will be :

(a) 8 days
(b) 10 days
(c) 12 days
(d) 15 days

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. अन्यत्र सेवा (Foreign Service) में पदस्थ सरकारी कर्मचारियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सरकारी कर्मचारी के संबंध में देय छुट्टी वेतन अथवा पेंशन के लिए अंशदान का भुगतान प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से एक माह के भीतर वार्षिक रूप से किया जाए ।
2. यदि अन्यत्र सेवा पर प्रतिनियुक्ति वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले समाप्त हो रही है, तो छुट्टी वेतन अथवा पेंशन के लिए अंशदान का भुगतान अन्यत्र सेवा की समाप्ति पर किया जाना आवश्यक है ।
3. छुट्टी वेतन और पेंशन के लिए अंशदान भिन्न लेखा शीर्षों में जमा होने के कारण उनका भुगतान पृथक रूप से किया जाए ।

उपर्युक्त कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3

40. किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी ऐसे सरकारी कर्मचारी को दिया जाने वाला यात्रा भत्ता क्या कहलाता है, जिसे अपनी ड्यूटी के कारण व्यापक रूप से यात्रा करनी पड़ती है और जिसे निर्धारित शर्तों के अधीन वर्ष भर यह भत्ता दिया जाता है ?

(a) दैनिक भत्ता
(b) यात्रा की वास्तविक लागत
(c) स्थायी यात्रा भत्ता
(d) वाहन भत्ता

41. मील भत्ते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जहाँ सड़क मार्ग से यात्रा करना लोकहित में हो और सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्रदान की गई हो, पूर्ण सड़क मील भत्ता दिया जाए ।
2. ऐसे मामलों में लंबे मार्ग से यात्रा भत्ता अस्वीकार्य है, जहाँ सबसे छोटे मार्ग पर हकदारी श्रेणी में आरक्षण की अनुपलब्धता के कारण उस मार्ग से यात्रा नहीं की जा सकी ।
3. यदि कोई सरकारी कर्मचारी ऐसे मार्ग से यात्रा करता है, जो सबसे छोटा तो नहीं है, किंतु सबसे छोटे मार्ग से सस्ता है, तो मील भत्ते की गणना सबसे छोटे मार्ग से की जाए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

42. सम्मिश्र स्थानांतरण अनुदान (Composite Transfer Grant) के संदर्भ में, किस लेवल (Level) में वेतन आहरित करने वाले सरकारी कर्मचारियों को मालगाड़ी/4 पहिए वाली वैगन/1 एकल कंटेनर द्वारा 6000 kg तक के निजी सामान का परिवहन स्वीकार्य है ?

(a) 14 और अधिक
(b) 12 और अधिक
(c) 6 से 11
(d) 15 और अधिक

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. Consider the following statements regarding Government servants on Foreign Service :

1. Contribution for leave salary or pension due in respect of the Government servant may be paid annually within a month from the end of each financial year.
2. If the deputation on foreign service expires before the end of financial year, contribution for leave salary or pension needs to be paid at the end of foreign service.
3. Leave salary and pension contributions should be paid separately as they are creditable to different Heads of Accounts.

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 3 only

40. A travelling allowance granted by a competent authority to a Government servant whose duties require him to travel extensively and is drawn all the year round, subject to prescribed conditions, is called :

(a) Daily allowance
(b) The actual cost of travelling
(c) Permanent travelling allowance
(d) Conveyance allowance

41. Consider the following statements regarding mileage allowance :

1. Where travel by road is in public interest and sanction of the competent authority is accorded, full road mileage allowance may be admitted.
2. TA by longer route is not admissible in cases where the journey could not be performed by the shortest route because of non-availability of reserved accommodation of entitled class by that route.
3. If a Government servant travels by a route which is not the shortest but is cheaper than the shortest, his mileage allowance should be calculated on the shortest route.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

42. With reference to Composite Transfer Grant, transportation of Personal Effects up to 6000 kg by goods train/4-wheeler wagon/ 1 single container is admissible to Government servants drawing pay in Level :

(a) 14 and above
(b) 12 and above
(c) 6 to 11
(d) 15 and above

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. निम्नलिखित में से किस मामले/किन मामलों में, कोई सरकारी कर्मचारी मकान किराया भत्ते का हकदार *नहीं* होगा ?

1. यदि वह किसी अन्य सरकारी कर्मचारी के साथ आबंटित किराया-मुक्त सरकारी आवास शेयर कर रहा हो/रही हो ।
2. यदि वह केंद्र/राज्य सरकार द्वारा उसके माता-पिता/पुत्र/पुत्री को आबंटित सरकारी आवास में रह रहा/रही हो ।
3. यदि उसकी पत्नी/उसके पति को केंद्र/राज्य सरकार द्वारा उसी स्टेशन पर सरकारी आवास आबंटित किया गया हो ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

44. निम्नलिखित पेंशनभोगियों/कुटुंब पेंशनभोगियों की श्रेणियों में से किन श्रेणियों के लिए 01.07.2022 से प्रभावी महँगाई राहत की संशोधित दरें लागू हैं ?

1. अखिल भारतीय सेवा पेंशनभोगी
2. रेलवे पेंशनभोगी/कुटुंब पेंशनभोगी
3. अनंतिम पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनभोगी
4. सिविल पेंशनभोगी जिन्हें रक्षा सेवा प्राक्कलनों से भुगतान किया जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

45. 6ठे वेतन आयोग के अनुसार वेतन आहरित कर रहे कर्मचारियों को 01.07.2022 से प्रभावी महँगाई भत्ता किस दर से स्वीकार्य है ?

(a) 38%
(b) 381%
(c) 203%
(d) 212%

46. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में, ऐसे किसी सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद विभागीय कार्यवाहियाँ प्रारंभ करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी की संस्वीकृति आवश्यक होगी, जिसका नियुक्ति प्राधिकारी राष्ट्रपति के अधीनस्थ था ?

(a) विभागाध्यक्ष
(b) संघ लोक सेवा आयोग
(c) राष्ट्रपति
(d) संबंधित मंत्रालय/विभाग का सचिव

47. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अधीन सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी (शारीरिक अथवा मानसिक अशक्तता आधारित मामलों को छोड़कर) को अन्यून कितने वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद परिलब्धियाँ अथवा औसत परिलब्धियों की 50 प्रतिशत पेंशन, जो भी अधिक लाभप्रद हो, स्वीकार्य हो जाती है ?

(a) दस वर्ष
(b) पंद्रह वर्ष
(c) बीस वर्ष
(d) तैंतीस वर्ष

48. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के नियम 43 के संदर्भ में, किसी सरकारी कर्मचारी (वैज्ञानिक अथवा तकनीकी विशेषज्ञों को छोड़कर), जिसने 20 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर ली है, लिखित में **अन्यून** तीन माह की नोटिस देकर सेवानिवृत्त हो सकेगा । ऐसी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का नोटिस किसके द्वारा स्वीकार किया जाना आवश्यक है ?

(a) कार्यालय प्रमुख
(b) नियुक्ति प्राधिकारी
(c) नियुक्ति प्राधिकारी से ठीक ऊपर का प्राधिकारी
(d) संबंधित मंत्रालय/विभाग का सचिव

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. In which of the following cases, a Government servant shall ***not*** be entitled to House Rent Allowance?

1. When he/she shares Government accommodation allotted rent-free to another Government servant.
2. When he/she resides in Government accommodation allotted to his/her parents/son/daughter by Central/State Government.
3. When his wife/her husband has been allotted Government accommodation at the same station by the Central/State Government.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

44. To which of the following categories of pensioners/family pensioners are the revised rates of Dearness Relief granted with effect from 01.07.2022 applicable?

1. All India Service Pensioners
2. Railway pensioners/family pensioners
3. Pensioners who are in receipt of provisional pension
4. Civilian Pensioners paid out of the Defence Services Estimates

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

45. With effect from 01.07.2022, the Dearness Allowance to employees who continue to draw pay as per 6th Pay Commission, is admissible at the rate of :

(a) 38%
(b) 381%
(c) 203%
(d) 212%

46. In terms of CCS (Pension) Rules, 2021, sanction of which one of the following authorities shall be required for instituting departmental proceedings after retirement of a Government servant whose appointing authority was subordinate to the President?

(a) The Head of Department
(b) Union Public Service Commission
(c) The President
(d) Secretary of the Ministry/Department concerned

47. Pension at 50 percent of emoluments or average emoluments, whichever is more beneficial, becomes admissible to a Government servant retiring under CCS (Pension) Rules, 2021 (other than on the grounds of bodily or mental infirmity) on completion of qualifying service of ***not*** less than :

(a) Ten years
(b) Fifteen years
(c) Twenty years
(d) Thirty-three years

48. In terms of Rule 43 of CCS (Pension) Rules, 2021, a Government servant (other than scientist or technical expert) who has completed 20 years qualifying service may, by giving notice of ***not*** less than three months in writing, retire from service. Such a notice of voluntary retirement shall require acceptance by the :

(a) Head of Office
(b) Appointing Authority
(c) Authority next above the Appointing Authority
(d) Secretary of the Ministry/Department concerned

Prepp
Your Personal Exams Guide

49. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में, जब भी महँगाई भत्ता मूल वेतन का 50 प्रतिशत तक बढ़ जाए, उपदान की उच्चतम सीमा कितने प्रतिशत तक बढ़ जाएगी ?

(a) 20%
(b) 25%
(c) 30%
(d) 40%

50. किसी पेंशनभोगी द्वारा उस पर देनदारी की किसी राशि को सरकार को अदा करने से इनकार करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऐसे इनकार करने को केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अर्थ में 'कदाचार' नहीं कहा जा सकता ।
2. ऐसे किसी सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, जिसने शोध्य राशि (Dues) को उसकी पेंशन से वसूली के लिए लिखित में सहमति देने से इनकार कर दिया हो, उससे सरकारी शोध्य राशि की वसूली का एक संभावित तरीका यह है कि कुछ समय के लिए उसकी पेंशन की अंतिम संस्वीकृति में विलंब किया जाए ताकि उसे वसूली के लिए राज़ी किया जा सके ।
3. सरकारी शोध्य राशि की वसूली के लिए न्यायालय की शरण लेना ।

उपर्युक्त कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

51. निम्नलिखित में से किन्हें 'सरकार को शोध्य राशि' के रूप में ***नहीं*** माना जाता है और इसलिए ये मृत्यु-सह-निवृत्ति उपदान से वसूलीयोग्य ***नहीं*** हैं ?

1. वेतन और भत्तों का अधिक भुगतान
2. स्रोत पर कटौतीयोग्य आयकर का बकाया
3. किसी स्वायत्त संगठन के अधिकारी से प्राप्य राशि
4. नगर निगम को देय पानी और बिजली के बकाया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4
(b) केवल 1 और 3
(c) 1, 3 और 4
(d) केवल 3 और 4

52. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन संराशीकरण) नियम, 1981 के संदर्भ में, कोई सरकारी कर्मचारी एकमुश्त भुगतान के लिए अपनी मासिक पेंशन के कितने प्रतिशत तक संराशीकरण का हकदार होगा ?

(a) 25% तक
(b) 30% तक
(c) 40% तक
(d) 50% तक

53. निम्नलिखित में से किन मामलों में, पेंशनभोगी केवल उपयुक्त चिकित्सा प्राधिकारियों से चिकित्सा जाँच कराए जाने और स्वस्थ पाए जाने के बाद ही अपनी पेंशन के एक भाग को संराशीकृत करा सकते हैं ?

1. वे पेंशनभोगी, जो अधिवर्षिता पेंशन पा रहे हैं और जिन्होंने सेवानिवृत्ति की तिथि से आठ माह के भीतर संराशीकरण के लिए आवेदन किया है ।
2. अविधिमान्य पेंशन पर सेवानिवृत्त व्यक्ति ।
3. अनुकंपा भत्ता प्राप्त कर रहे व्यक्ति ।
4. प्रतिपूर्ति पेंशन प्राप्त कर रहे और सेवानिवृत्ति की तिथि से एक माह के भीतर संराशीकरण के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 3 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 4

54. कोई सरकारी कर्मचारी $27\frac{1}{2}$ वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होता है । सेवानिवृत्ति के समय वह 34% की दर से महँगाई भत्ते के साथ ₹ 69,200 का वेतन प्राप्त कर रहा था । उसे सेवानिवृत्ति उपदान की कितनी राशि स्वीकार्य होगी ?

(a) ₹ 10,00,000
(b) ₹ 9,51,500
(c) ₹ 12,75,010
(d) ₹ 15,00,500

Prepp
Your Personal Exams Guide

49. In terms of CCS (Pension) Rules, 2021, whenever Dearness Allowance rises by 50 percent of the basic pay, the ceiling on gratuity will increase by :
(a) 20%
(b) 25%
(c) 30%
(d) 40%

50. Consider the following statements regarding refusal of a pensioner to pay any amount owed by him to Government :
1. Such a refusal cannot be said to be 'misconduct' within the meaning of CCS (Pension) Rules, 2021.
2. The possible way of recovering Government dues from such a retiring officer who refuses to agree in writing, to such dues being recovered from his pension is to delay the final sanction of his pension for some time for persuading him to agree to recovery.
3. Take recourse to court of law for recovering Government dues.

Which of the statement(s) given above is/are correct ?
(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

51. Which of the following are ***not*** considered as 'Dues to Government' and hence ***not*** recoverable from death-cum-retirement gratuity ?
1. Overpayment of pay and allowances
2. Arrears of income tax deductible at source
3. Sum due from the officer to an autonomous organization
4. Arrears of water and electricity due to Municipal Corporation

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 2 and 4
(b) 1 and 3 only
(c) 1, 3 and 4
(d) 3 and 4 only

52. In terms of CCS (Commutation of Pension) Rules, 1981, up to what percentage shall a Government servant be entitled to commute his monthly pension for a lump sum payment ?
(a) Up to 25%
(b) Up to 30%
(c) Up to 40%
(d) Up to 50%

53. In which of the following cases, the pensioners can commute a portion of their pension only after they have been medically examined and found fit by the appropriate medical authorities ?
1. Pensioners in receipt of superannuation pension applying for commutation within eight months from the date of retirement.
2. Persons retired on invalid pension.
3. Persons in receipt of compassionate allowance.
4. Persons in receipt of compensation pension and applying for commutation within one month from the date of retirement.

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 3 and 4
(b) 1, 2 and 3
(c) 2 and 3 only
(d) 1 and 4 only

54. A Government servant retires after completion of $27\frac{1}{2}$ years of qualifying service. At the time of retirement, he was in receipt of pay of ₹ 69,200 with Dearness Allowance @ 34%. The amount of retirement gratuity admissible to him would work out to :
(a) ₹ 10,00,000
(b) ₹ 9,51,500
(c) ₹ 12,75,010
(d) ₹ 15,00,500

Prepp
Your Personal Exams Guide

55. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में, प्रत्येक विभागाध्यक्ष ऐसे सभी सरकारी कर्मचारियों की एक सूची तैयार करवाएगा, जो अगले पंद्रह माह के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं और उस सूची की एक प्रति संबंधित लेखा अधिकारी को दी जाएगी । ऐसी सूची तैयार करने की आवर्तिता (periodicity) क्या होगी ?

(a) प्रत्येक माह
(b) प्रत्येक तीन माह
(c) प्रत्येक छह माह
(d) प्रत्येक नौ माह

56. निम्नलिखित में से किसे/किन्हें पेंशन के लिए 'परिलब्धियाँ' माना जाता है ?

1. वेतन मैट्रिक्स के वेतन लेवल में वेतन
2. वैयक्तिक वेतन
3. प्रैक्टिसबंदी भत्ता
4. विशेष भत्ता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

57. ऐसे पेंशनभोगी के मामले में, जो ऐसे पद से सेवानिवृत्त हुआ है जिसके लिए राष्ट्रपति नियुक्ति प्राधिकारी हैं, राष्ट्रपति के पास निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी के परामर्श से किसी पेंशन अथवा उपदान अथवा दोनों को या तो पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से रोकने का अधिकार सुरक्षित है ?

(a) सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
(b) संघ लोक सेवा आयोग
(c) सचिव (व्यय)
(d) संबंधित मंत्रालय/विभाग का सचिव

58. 01.01.2016 से मूल पेंशन के 50% की दर से अतिरिक्त पेंशन किस आयु के वृद्ध पेंशनभोगियों को स्वीकार्य है ?

(a) 75 वर्ष से लेकर 80 वर्ष से कम
(b) 85 वर्ष से लेकर 90 वर्ष से कम
(c) 90 वर्ष से लेकर 95 वर्ष से कम
(d) 95 वर्ष से लेकर 100 वर्ष से कम

59. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के नियम 43 के उपबंधों के अनुसार अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से पूर्व स्वेच्छा से सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को प्रदान की जाने वाली पेंशन किस श्रेणी में आती है ?

(a) अनुकंपा भत्ता
(b) प्रतिपूर्ति पेंशन
(c) सेवानिवृत्ति पेंशन
(d) अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन

60. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में, सेवानिवृत्ति लाभों की गणना के लिए 'परिलब्धियाँ' अभिव्यक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय सशस्त्र बलों में प्रतिनियुक्त किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा आहरित वेतन को परिलब्धियों के रूप में माना जाएगा ।
2. सेवानिवृत्ति लाभों की गणना के लिए गतिरोध वेतनवृद्धि को परिलब्धियों के रूप में माना जाएगा ।

उपर्युक्त कथन/कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 दोनों
(b) केवल 1
(c) केवल 2
(d) न तो 1, न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

55. In terms of CCS (Pension) Rules, 2021, every Head of Department shall have a list prepared of all Government servants who are due to retire within next fifteen months and a copy thereof supplied to the Account Officer concerned. The periodicity of preparing such a list is :

(a) Every month
(b) Every three months
(c) Every six months
(d) Every nine months

56. Which of the following is/are considered as 'emoluments' for pension ?

1. Pay in Pay Level of Pay Matrix
2. Personal Pay
3. Non-Practicing Allowance
4. Special Allowance

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

57. The President, in the case of a pensioner who retired from a post for which the President is the appointing authority, reserves to himself the right of withholding a pension or gratuity or both, either in full or in part, in consultation with which one of the following authorities ?

(a) Secretary, DOPT
(b) Union Public Service Commission
(c) Secretary (Expenditure)
(d) Secretary of the Ministry/Department concerned

58. With effect from 01.01.2016, additional pension at the rate of 50% of basic pension is admissible to old pensioners whose age is :

(a) From 75 years to less than 80 years
(b) From 85 years to less than 90 years
(c) From 90 years to less than 95 years
(d) From 95 years to less than 100 years

59. Pension granted to a Government servant who retires on his own volition before attaining the age of superannuation in accordance with the provisions of Rule 43 of CCS (Pension) Rules, 2021 is in the category of :

(a) Compassionate Allowance
(b) Compensation Pension
(c) Retiring Pension
(d) Compulsory Retirement Pension

60. Consider the following statements regarding the expression "emoluments" for calculation of retirement benefits in terms of the CCS (Pension) Rules, 2021 :

1. Pay drawn by a Government servant while on deputation to Armed Forces of India shall be treated as emoluments.
2. Stagnation increment shall be treated as emoluments for calculation of retirement benefits.

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) Both 1 and 2
(b) 1 only
(c) 2 only
(d) Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. निम्नलिखित में से किन पर केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 लागू होते हैं ?
1. 31.12.2003 को या उससे पहले नियुक्त सरकारी कर्मचारी
2. व्यक्ति जिसे आकस्मिकता निधि से भुगतान किया जाता है
3. अखिल भारतीय सेवा के सदस्य
4. रेल सेवक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

62. किसी सरकारी कर्मचारी का चिकित्सीय आधार पर अर्जित छुट्टी पर रहने के दौरान निधन हो जाता है । सेवांत हितलाभों के प्रयोजन के लिए उसकी मृत्यु के दिन को किस रूप में माना जाएगा ?
(a) कार्य दिवस के रूप में
(b) छुट्टी के भाग के रूप में
(c) अकार्य दिवस के रूप में
(d) ड्यूटी से अनुपस्थिति के रूप में

63. सेवानिवृत्त हो रहे किसी सरकारी कर्मचारी के मामले में, कार्यालय प्रमुख उसके पेंशन कागजात सम्यक रूप से जाँच करके पेंशन के प्राधिकार जारी करने के लिए उत्तरदायी लेखा अधिकारी को अग्रेषित करेगा । लेखा अधिकारी पेंशन का प्राधिकार किस माध्यम से जारी करेगा ?
(a) कार्यालय आदेश
(b) कार्यालय ज्ञापन
(c) अधिसूचना
(d) पेंशन अदायगी आदेश

64. यदि तीन वर्ष की सेवा करने के बाद किसी सरकारी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार के लिए मृत्यु उपदान किस दर पर स्वीकार्य होगा ?
(a) परिलब्धियों का 2 गुना
(b) परिलब्धियों का 6 गुना
(c) परिलब्धियों का 12 गुना
(d) परिलब्धियों का 15 गुना

65. किसी पेंशनभोगी का अपने पति/अपनी पत्नी के साथ एक संयुक्त बैंक खाता प्रचालन में है, जिसके पक्ष में पेंशन अदायगी आदेश (PPO) में कुटुंब पेंशन के लिए प्राधिकार विद्यमान है । पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर, उसके पति/उसकी पत्नी को अपने लिए कुटुंब पेंशन प्रारंभ करवाने के लिए बैंक से सम्पर्क करने की आवश्यकता होती है । इस संदर्भ में, सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस सूचना/दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता से अभिमुक्ति (छूट) दी गई है ?
(a) कुटुंब पेंशन प्रारंभ करवाने के लिए बैंक को लिखित अनुरोध
(b) PPO की एक प्रति
(c) अधिक भुगतान की वसूली के लिए एक वचनबंध
(d) विधिवत रूप से साक्ष्यांकित फार्म 14

66. अतिरिक्त विदेश भत्ते के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?
1. वेतन पर आयकर की उगाही के लिए अतिरिक्त विदेश भत्ता एक नियत प्रतिकर है ।
2. यह भत्ता विदेश स्थित भारतीय मिशनों और पोस्टों (Indian Missions and Posts) में ड्यूटी तथा भारत में की गई अस्थायी ड्यूटी की अवधि के लिए ग्राह्य होगा ।
3. ग्राह्य अतिरिक्त विदेश भत्ते की राशि, अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष में आहरित वेतन पर आयकर के रूप में भुगतान की गई वास्तविक राशि के बराबर होगी ।
4. अतिरिक्त विदेश भत्ते का आहरण इस पूर्वधारणा पर अनुमत्य है कि वित्तीय वर्ष के अंत में आयकर का भुगतान किया जा सकता है और आयकर प्राधिकारियों के साथ सीधे निपटान किया जा सकता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. To which of the following do the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 apply ?

1. Government servants appointed on or before 31.12.2003
2. Persons paid from contingencies
3. Members of All India Services
4. Railway servants

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

62. A Government servant while on Earned Leave on medical grounds expires. His day of death for the purpose of terminal benefits will be treated:

(a) As a working day
(b) As a part of leave
(c) As dies non
(d) As absent from duty

63. In the case of a Government servant due for retirement, the Head of Office shall forward his pension papers with due checks to the Accounts Officer responsible for issuing authorization of pension. The Accounts Officer shall issue authorization of pension through :

(a) Office Order
(b) Office Memorandum
(c) Notification
(d) Pension Payment Order

64. If a Government servant dies while in service after rendering service for three years, the Death Gratuity would be admissible to his family at the rate of :

(a) 2 times of emoluments
(b) 6 times of emoluments
(c) 12 times of emoluments
(d) 15 times of emoluments

65. A pensioner has a joint bank account operated with his/her spouse in whose favour an authorization for family pension exists in the Pension Payment Order (PPO). On the death of the pensioner, his/her spouse needs to approach the bank for commencement of family pension to him/her. In this context, the requirement for submission of which one of the following information/documents has been dispensed with by the Government ?

(a) Written request to the bank for commencement of family pension
(b) A copy of the PPO
(c) An undertaking for recovery of excess payment
(d) Form 14 duly witnessed

66. Which of the following statements regarding Additional Foreign Allowance are correct ?

1. The additional foreign allowance is a fixed compensation for the levy of income tax on salaries.
2. The allowance will be admissible for the period of duty in Indian Missions and Posts abroad and temporary duty spent in India.
3. The amount of additional foreign allowance admissible will be equal to the actual amount paid as income tax on the salary drawn by the officer in a financial year.
4. Drawal of additional foreign allowance on the assumption that income tax can be paid at the end of the financial year and settled directly with the Income Tax Authorities is permissible.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 3 and 4 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

67. विदेश भत्ते के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. विदेश भत्ते का आशय उस स्टेशन पर अतिरिक्त निर्वाह-व्यय की पूर्ति करना है जहाँ अधिकारी तैनात है ।
2. विदेश स्थित प्रत्येक स्टेशन/पोस्ट पर प्रत्येक अधिकारी अथवा अधिकारियों की प्रत्येक श्रेणी के लिए सरकार द्वारा विदेश भत्ता नियत किया जाता है ।
3. यदि पति और पत्नी की तैनाती एक ही मिशन/पोस्ट में की गई हो, तो प्रत्येक अधिकारी पूरा विदेश भत्ता पाने का हकदार होगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

68. विदेश स्थित सभी मिशनों और पोस्टों को कितनी श्रेणियों [illegible] किया गया है ?

(a) तीन श्रेणी
(b) चार श्रेणी
(c) पाँच श्रेणी
(d) छह श्रेणी

69. समवर्ती प्रत्यायन के लिए मिशन प्रमुख (HOM) को अतिरिक्त सत्कार अनुदान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. HOM वित्तीय वर्ष की किसी एक तिमाही में अपने अतिरिक्त सत्कार अनुदान में से वार्षिक अनुदान के एक-चौथाई से अधिक व्यय नहीं कर सकेगा ।
2. किसी पूर्ववर्ती तिमाही या तिमाहियों के अव्ययित शेष को उसी वित्तीय वर्ष की अगली तिमाही में अग्रेनीत किया जाएगा ।
3. वित्तीय वर्ष के अंत में अव्ययित शेष को अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेनीत किया जाएगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

70. विदेश स्थित भारतीय मिशनों/पोस्टों में तैनात अधिकारियों के लिए परिधान भत्ता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत से या अन्य किसी स्टेशन से विदेश स्थित किसी स्टेशन में तैनात होने वाले अधिकारी को प्रत्येक बार परिधान भत्ता ग्राह्य होगा ।
2. अधिकारी को संपूर्ण वृत्ति (कैरियर) के दौरान मुख्यालय में भी एक बार परिधान भत्ता ग्राह्य है ।
3. मुख्यालय में परिधान भत्ता केवल उन्हें ग्राह्य है जो सेवा में पहले से स्थायी हैं किंतु विदेश में एक भी तैनाती नहीं हुई है ।
4. मुख्यालय में आहरित भत्ते को छोड़कर, अधिकारी को संपूर्ण वृत्ति (कैरियर) के दौरान आठ बार से अधिक परिधान भत्ता ग्राह्य नहीं है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2 और 4
(d) 2, 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

67. Which of the following statement(s) regarding Foreign Allowance is/are correct ?

1. Foreign allowance is intended to cover the additional cost of living at the station where the officer is posted.
2. Foreign allowance to each officer or each category of officers at each station/post abroad is fixed by the Government.
3. Where husband and wife are posted to the same Mission/Post, each officer would be entitled to full foreign allowance.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

68. All Missions and Posts abroad have been classified into :

(a) Three Categories
(b) Four Categories
(c) Five Categories
(d) Six Categories

69. Which of the following statements regarding additional entertainment grant to a Head of Mission (HOM) for concurrent accreditation are correct ?

1. A HOM may not, in any one quarter of the financial year incur out of his additional entertainment grant, expenditure exceeding one-fourth of the annual grant.
2. The unspent balance from any previous quarter or quarters shall be carried over to the next quarter in the same financial year.
3. Any balance unspent at the end of the financial year shall be carried over to the next financial year.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

70. Consider the following statements regarding Outfit Allowance to the officers posted in Indian Missions/Posts abroad :

1. The Outfit Allowance shall be admissible every time an officer gets posted to a station abroad whether from India or from another station.
2. The Outfit Allowance is also admissible at Headquarters once during the entire career of the officer.
3. The Outfit Allowance at Headquarters is admissible only to those who are already confirmed in service but have not done a posting abroad.
4. The Outfit Allowance is not admissible for more than eight occasions during an officer's entire career excluding the allowance drawn at Headquarters.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 1, 2 and 4
(d) 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. विदेश में भारत सरकार के प्रतिनिधियों को वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी चांसरी प्रमुखों को "कार्यालय प्रमुख" घोषित किया गया है ।
2. वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 के नियम 14 के अधीन "कार्यालय प्रमुख" के रूप में किसी राजपत्रित अधिकारी की घोषणा सभी मामलों में केवल विदेश मंत्रालय द्वारा ही की जा सकती है ।
3. यदि चांसरी प्रमुख, आहरण एवं संवितरण अधिकारी भी है, तो व्यय की मंजूरी की सूचना लेखा-परीक्षा अधिकारी को दी जाएगी ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

72. विदेश स्थित भारतीय मिशनों/पोस्टों के लिए प्रारंभ में कार्यालय-भवन किराए पर लेने की मंजूरी देने के लिए कौन सक्षम है ?

(a) विदेश में भारत के प्रतिनिधि श्रेणी I
(b) विदेश में भारत के प्रतिनिधि श्रेणी II
(c) मिशन प्रमुख
(d) विदेश मंत्रालय, भारत सरकार

73. निम्नलिखित में से किन मिशनों/पोस्टों को क्लस्टर I मिशन/पोस्ट के रूप में श्रेणीकृत किया गया है ?

1. बीजिंग
2. वाशिंगटन
3. सिडनी
4. केप टाउन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 1 और 4
(d) 2 और 3

74. विदेश में भारत सरकार के प्रतिनिधियों की वित्तीय शक्तियों के संदर्भ में "नियंत्रण प्राधिकारी" से क्या अभिप्रेत है ?

(a) मिशन प्रमुख (Head of Mission)
(b) पोस्ट प्रमुख (Head of Post)
(c) मिशन में प्रथम सचिव (First Secretary) के रैंक का अधिकारी
(d) विदेश मंत्रालय, भारत सरकार

75. निम्नलिखित में से किन मामलों में, विदेश स्थित मिशन में तैनात किसी अधिकारी के परिवार का कोई सदस्य, CS (MA) नियम के अधीन चिकित्सा परिचर्या/उपचार कराने का हकदार है ?

1. अधिकारी अपने परिवार को CGHS की सुविधा वाले क्षेत्र में छोड़कर जाता है
2. परिवार का हकदार सदस्य CGHS की सुविधा वाले क्षेत्र से बाहर रहता है
3. विदेश में तैनात अधिकारी के परिवार का हकदार सदस्य गृह छुट्टी (home leave) पर या अन्यथा अस्थायी रूप से भारत चला जाता है
4. किसी विदेश स्थित मिशन में कार्यभार त्यागने के बाद सरकारी अधिकारी मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण करने से पहले भारत में तैयारी समय (preparation time) और छुट्टी लेता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. Consider the following statements regarding Delegation of Financial Powers to Government of India's Representatives Abroad :

1. All Heads of Chanceries are declared as "Heads of Office".
2. Declaration of a gazetted officer as a "Head of Office" under Rule 14 of the Delegation of Financial Powers Rules 1978, can be made only by the Ministry of External Affairs in all cases.
3. Where Head of Chancery is also the Drawing and Disbursing Officer, sanction to expenditure shall be conveyed to Audit Officer.

Which of the statement(s) given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

72. Who is competent to sanction renting of office accommodation initially for Indian Missions/Posts abroad ?

(a) Category I India's Representatives Abroad
(b) Category II India's Representatives Abroad
(c) Heads of Missions
(d) Ministry of External Affairs, Government of India

73. Which of the following Missions/Posts have been categorized as Cluster I Missions/Posts ?

1. Beijing
2. Washington
3. Sydney
4. Cape Town

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 3 and 4
(c) 1 and 4
(d) 2 and 3

74. In the context of Financial Powers of Government of India's Representatives Abroad, "Controlling Authority" means :

(a) Head of Mission
(b) Head of Post
(c) Officer of the rank of First Secretary of the Mission
(d) Ministry of External Affairs, Government of India

75. In which of the following cases, members of family of an officer posted in a Mission abroad shall be entitled to medical attendance/treatment under CS (MA) Rules ?

1. The Officer leaves his family behind in an area covered by CGHS
2. The entitled members of the family stay outside the area covered by CGHS
3. An entitled member of the family of an officer stationed abroad proceeds to India temporarily on home leave or otherwise
4. The Government official after relinquishing charge in a Mission abroad avails of preparation time and leave in India prior to joining the Headquarters

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2, 3 and 4 only
(b) 1, 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

76. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के अनुसार साक्ष्य पेश करने के बाद जाँच प्राधिकारी का अगला कार्य क्या होगा ?

(a) जाँच को समाप्त करना और जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करना

(b) प्रस्तुतकर्ता अधिकारी, यदि कोई नियुक्त किया गया हो, और सरकारी कर्मचारी को सुनना अथवा उन्हें अपने-अपने मामले के लिखित पक्ष-पत्र (ब्रीफ), यदि वे चाहें, फाइल करने की अनुमति देना

(c) केवल प्रस्तुतकर्ता अधिकारी को लिखित पक्ष-पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति देना

(d) केवल सरकारी कर्मचारी को लिखित पक्ष-पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति देना

77. किसी पद के वर्तमान कर्तव्यभार का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किसी अधिकारी द्वारा निम्नलिखित में से किस एक शक्ति का प्रयोग ***नहीं*** किया जा सकता ?

(a) सांविधिक शक्तियाँ

(b) वित्तीय शक्तियाँ

(c) प्रशासनिक शक्तियाँ

(d) तकनीकी शक्तियाँ

78. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी पर, उसमें विनिर्दिष्ट कोई भी शास्ति अधिरोपित करने वाला सक्षम प्राधिकारी क्या कहलाता है ?

(a) विभागाध्यक्ष

(b) कार्यालय प्रमुख

(c) अनुशासनिक प्राधिकारी

(d) नियुक्ति प्राधिकारी

79. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीक[illegible] नियम, 19[illegible] 11 के अधीन विनिर्दिष्ट बड़ी शास्तियों की कुल संख्या कितनी है ?

(a) तीन

(b) चार

(c) पाँच

(d) आठ

80. निम्नलिखित में से कौन-सी बड़ी शास्तियाँ सामान्यत: सरकार के अधीन भावी नियोजन के लिए निरर्हता ***नहीं*** होंगी ?

1. अनिवार्य सेवानिवृत्ति

2. सेवा से हटाया जाना

3. सेवा से पदच्युति

4. सेवा की समाप्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

81. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किसे/किन्हें कोई शास्ति ***नहीं*** माना जाएगा ?

1. किसी सरकारी कर्मचारी की उसके सेवा नियमों के अनुसार कोई विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहने पर वेतनवृद्धि रोकना ।

2. किसी सरकारी कर्मचारी की अधिवर्षिता अथवा सेवानिवृत्ति से संबंधित उपबंधों के अनुसार अनिवार्य सेवानिवृत्ति ।

3. किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा उपेक्षा अथवा आदेशों के भंग से सरकार को पहुँचाई गई धन-संबंधी हानि की वेतन में से पूर्णत: अथवा भागत: वसूली ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

76. In terms of the CCS (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, after the completion of production of evidence, the next step for the Inquiring Authority is to :

(a) Conclude the enquiry and submit the Inquiry report

(b) Hear the Presenting Officer, if any appointed, and the Government servant or permit them to file written briefs of their respective case, if they so desire

(c) Permit only the Presenting Officer to file written brief

(d) Permit only the Government servant to file written brief

77. Which one of the following powers ***cannot*** be exercised by an officer appointed to perform the current duties of a post ?

(a) Statutory powers

(b) Financial powers

(c) Administrative powers

(d) Technical powers

78. According to CCS (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, the authority competent to impose on a Government servant any of the penalties, specified therein is called :

(a) Head of the Department

(b) Head of the Office

(c) Disciplinary authority

(d) Appointing authority

79. The total number of major penalties prescribed under Rule 11 of CCS (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965 is:

(a) Three

(b) Four

(c) Five

(d) Eight

80. Which of the following major penalties shall ***not*** ordinarily be a disqualification for future employment under the Government ?

1. Compulsory retirement
2. Removal from service
3. Dismissal from service
4. Termination from service

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 2 and 4

(d) 1, 3 and 4

81. Which of the following shall ***not*** amount to a penalty within the meaning of the CCS (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965 ?

1. Withholding of increment of a Government servant for his failure to pass any departmental examination in accordance with his/her Service rules.
2. Compulsory retirement of a Government servant in accordance with the provisions relating to his/her superannuation or retirement.
3. Recovery from pay of the whole or part of any pecuniary loss caused by a Government servant to the Government by negligence or breach of orders.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

82. निम्नलिखित में से किन मामलों में किसी सरकारी कर्मचारी के लिए *अकार्य दिवस* चिह्नित किया जा सकता है ?

1. पूर्व अनुमति के बिना ड्यूटी से अनुपस्थिति
2. जब कार्यालय में ड्यूटी पर होते हुए, सरकारी कर्मचारी उचित अनुमति के बिना कार्यालय छोड़ देता है
3. अधिकारी कार्यालय में होता है, किंतु वह सौंपी गई ड्यूटी निष्पादित करने से इनकार कर देता है
4. जब कोई अधिकारी विलंब से कार्यालय आता है, यद्यपि वह दिनभर कार्यालय समय में कार्य करता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

83. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 में समाविष्ट उपबंधों के संदर्भ में, जाँच की समाप्ति के बाद जाँच रिपोर्ट में निम्नलिखित में से कौन-से शामिल होने चाहिए ?

1. आरोप के ब्योरे तथा अवचार या कदाचार के लांछनों का विवरण
2. आरोप के प्रत्येक ब्योरे के संबंध में सरकारी सेवक का प्रतिवाद
3. आरोप के प्रत्येक ब्योरे के संबंध में साक्ष्य का निर्धारण
4. आरोप के प्रत्येक ब्योरे पर निष्कर्ष और निष्कर्ष के कारण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4

84. जब किसी सरकारी सेवक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जाती है और जहाँ विभागीय कार्यवाहियों की समाप्ति के बाद यह पाया जाता है कि अधिकारी पर कुछ दोष लग रहे हैं, अपचारी सरकारी सेवक पर निम्नलिखित में से कम-से-कम कौन-सी शास्ति अधिरोपित की जाए ?

(a) परिनिंदा
(b) मौखिक चेतावनी
(c) रिकॉर्ड न की जाने वाली लिखित चेतावनी
(d) उसकी वेतनवृद्धि रोकना

85. केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 में समाविष्ट उपबंधों के संदर्भ में, अपील का परिसीमा काल, अपीलार्थी को उस आदेश जिसके विरुद्ध अपील की गई है, की एक प्रति परिदत्त करने (दिए जाने) की तिथि से कितनी अवधि का होता है ?

(a) 30 दिन
(b) 45 दिन
(c) 60 दिन
(d) 90 दिन

86. राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार बढ़ाने के लिए संवैधानिक दायित्वों को पूर्ण करने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हमारी राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना पर आधारित है ।
2. स्मृति विज्ञान (mnemonics) के प्रयोग के लिए, माननीय प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर, राजभाषा विभाग ने 12 'प्र' की कार्यनीति बनाई है, जिसमें *प्रेम* (Love and Affection) और *प्रचार* (Advocacy) के घटकों को भी शामिल किया गया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

87. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में व्यथा के निवारण के लिए संघ या राज्य में प्रयोग होने वाली भाषाओं में से किसी में भी अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए उपबंध हैं ?

(a) अनुच्छेद 349
(b) अनुच्छेद 350
(c) अनुच्छेद 350क
(d) अनुच्छेद 350ख

Prepp
Your Personal Exams Guide

82. In which of the following cases can a Government servant be marked as *dies non* ?

1. Absence from duty without prior permission
2. When on duty in office, the Government servant leaves the office without proper permission
3. The official remains in office but refuses to perform duties assigned to him
4. When an official comes late even though he works throughout the day during office hours

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

83. After conclusion of the Inquiry in terms of the provisions contained in the CCS (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, which of the following shall the Inquiry report contain ?

1. The articles of charge and the statement of imputations of misconduct or misbehaviour
2. The defence of the Government servant in respect of each article of charge
3. An assessment of the evidence in respect of each article of charge
4. The findings on each article of charge and reasons therefor

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4 only
(b) 1, 2, 3 and 4
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 2, 3 and 4 only

84. Where departmental proceedings are initiated against a Government servant and where after conclusion of the departmental proceedings, it is found that some blame attaches to the officer, which one of the following penalties should at least be imposed on the delinquent Government servant ?

(a) Censure
(b) Oral warning
(c) Written warning not to be recorded
(d) Withholding of his increment

85. In terms of the provisions contained in the CCS (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, the period of limitation to appeal from the date on which a copy of the order appealed against is delivered to the appellant is :

(a) 30 days
(b) 45 days
(c) 60 days
(d) 90 days

86. Consider the following statements with reference to fulfilling the constitutional obligations for promotion and propagation of the Official Language – Hindi :

1. Our Official Language policy is based on inspiration, encouragement and goodwill.
2. Taking inspiration from Hon'ble Prime Minister for the use of mnemonics, the Department of Official Language has formulated a strategy of 12 *Pras* (प्र) in which the factors of *Prem* (Love and Affection) and *Prachar* (Advocacy) have also been incorporated.

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

87. In which one of the following Articles of the Constitution of India, the provisions for submitting a representation in any of the languages used in the Union or State, for redress of any grievance, have been made ?

(a) Article 349
(b) Article 350
(c) Article 350A
(d) Article 350B

Prepp
Your Personal Exams Guide

88. निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र को राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 (यथा संशोधित, 1987) में दी गई 'क्षेत्रों' की परिभाषा के अनुसार 'क्षेत्र ख' में शामिल ***नहीं*** किया गया है ?

(a) गुजरात राज्य
(b) महाराष्ट्र राज्य
(c) चंडीगढ़ संघ राज्य-क्षेत्र
(d) छत्तीसगढ़ राज्य

89. राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 (यथा संशोधित, 1987) में अंतर्विष्ट हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

